भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय /MINISTRY OF RAILWAYS
रेलवे भर्ती बोर्ड /RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सत्यमेव जयते

सीईएन संख्या 01/2026 (सहायक लोको पायलट)

सीईएन संख्या 01/2026 (एएलपी) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-I) के लिए

सिटी इंटीमेशन स्लिप एवं हेल्पडेस्क लिंक के संबंध में सूचना |

1. परीक्षा शहर तथा तिथि देखने और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपनी परीक्षा के शहर को परीक्षा तिथि, जो दिनांक 03.11.2026, 04.11.2026 एवं 05.11.2026 को निर्धारित है, के लगभग 10 दिन पूर्व देख सकते हैं।

2. ई-कॉल लेटर डाउनलोड परीक्षा-शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथियों से लगभग 4 दिन पहले शुरू होगी।

3. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार-लिंक्ड बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट साथ लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान को प्रमाणित कर लेने कि सलाह दी जाती है, उन्होंने पहले से नहीं किया है तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग-ईन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान को प्रमाणित कर लें, ताकि वे परीक्षा केंद्र मे आसानी से प्रवेश कर सके।

4. सभी अभ्यर्थियों, जिनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल है जिन्होंने आवेदन जमा करने के दौरान अपने आधार का सत्यापन कराया है, अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र आने से पहले उनका आधार UIDAI प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरण और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं मे सुविधा हो |

5. आधार कार्ड में सही नाम, जन्म तिथि (कक्षा 10वीं के प्रमाणपत्र के अनुसार), नवीनतम फोटो, बायोमेट्रिक्स (यदि 15 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद अपडेट नहीं किया गया है), पता और पिता का नाम अपडेट होना चाहिए।

6. किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने पर अभ्यर्थी हेल्पडेस्क संपर्क नंबर **7996342666** पर संपर्क कर सकते हैं। हेल्पडेस्क का समय: सोमवार से शनिवार, सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक।

7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

8. ऐसे दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। आरआरबी में चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) पर आधारित होती है और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता/मेरिट के आधार पर होती है।

दिनांक : 23.10.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड